कार्य पत्र-५

कक्षा- 6- विषय-हिंदी

दिनांक:17.4.20 अनुक्रमांक ---

अध्यापिका रेखा ठाकुर

वचन

वचन – व्याकरण में वचन का अर्थ है संख्या। जिससे किसी विकारी शब्द की संख्या का बोध होता है, उसे वचन कहते हैं। वचन दो प्रकार के होते है-

1.एकवचन (Ekvachan)

– जिस शब्द में किसी व्यक्ति या वस्तु की संख्या एक होने का पता चले उसे एकवचन कहते हैं, जैसे-लड़का खेल रहा है। खिलौना टूट गया है। यह मेरी पुस्तक है। इन वाक्यों में आए लड़का, खिलौना तथा पुस्तक शब्द एकवचन है।

2.बहुवचन (Bahuvachan)

– जिस शब्द से किसी व्यक्ति या वस्तु की संख्या एक से अधिक होने का पता चले, उसे बहुवचन कहते हैं। जैसे-लड़के खेल रहे हैं। खिलौने टूट गए। ये पुस्तकें मेरी हैं। इन वाक्यों में आए लड़के, खिलौने एवं पुस्तकें शब्द बहुवचन है।

शब्दान्त 'आ' को 'ए' में बदलकर-
लड़का-लड़के
पपीता-पपीते
रसगुल्ला-रसगुल्ले

शब्दान्त ‘अ’ को ‘ए’ में बदलकर-
दाल-दालें
दीवार-दीवारें
कलम-कलमें

शब्दान्त में आये ‘आ’ के साथ ‘एँ’ जोड़कर-
कविता-कविताएँ
कथा-कथाएँ

‘ई’ वाले शब्दों के अन्त में ‘इयाँ’ लगाकर-
लड़की-लड़कियाँ
साड़ी-सा़डियाँ

स्त्रीलिंग शब्द के अन्त में आए ‘या’ को ‘याँ’ में बदलकर-
डिबिया-डिबियाँ
गुडिया-गुडियाँ

स्त्रीलिंग शब्द के अन्त में आए ‘उ’ ‘ऊ’ के साथ एँ
लगाकर-

वस्तु-वस्तुएँ
बहू-बहुएँ

'इ' ई स्वरान्त वाले शब्दों के साथ 'यों' लगाकर तथा 'ई' की मात्रा को 'इ' में बदलकर-
रोटी-रोटियों
नदी-नदियों
गाड़ी-गाड़ियों

एकवचन शब्द के साथ जन, गण, वर्ग, वृन्द, मण्डल, परिषद् आदि लगाकर।
गुरु-गुरुजन
युवा-युवावर्ग
मंत्री-मन्त्रिमण्डल
मंत्रि-परिषद

1. नीचे लिखे शब्दों में से एकवचन और बहुवचन शब्दों को छाँटकर लिखें –

गुब्बारा, झंडे, बच्चे, घोड़ा, केला, किताबें, लड़की, भाषा, बहुएँ, गुड़ियाँ, गुब्बारे, झंडा, बच्चा, घोड़े, केले, किताब, लडकियाँ, भाषाएँ, बहु, गुड़िया

एकवचन **बहुवचन**

------------------- -----------------

प्रश्न 2 वचन किसे कहते हैं ?

प्रश्न 3 वचन के कितने भेद होते हैं ?

प्रश्न 4 एकवचन किसे कहते हैं ?

प्रश्न 5 बहुवचन किसे कहते हैं?

निर्देश :-पहले दूसरे तथा तीसरे पृष्ठ अर्थात पेज को ध्यानपूर्वक पढ़कर चौथे और पांचवें पृष्ठ के प्रश्न उत्तर कीजिए।